# फॉर्च्यून 500 कंपनियां बनाएंगी डाटा सेंटर पार्क

अमर उजाला ब्यूरो

## 1757 करोड़ का निवेश व 775 को मिलेगा रोजगार

लखनऊ। फॉर्च्यून 500 में शामिल सिफी इन्फिनिट स्पेसेस लिमिटेड और जैकसन लिमिटेड जैसी कंपनियां यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) में डाटा सेंटर का निर्माण करेंगी। यीडा की ओर से इन दोनों को डाटा सेंटर पार्क के लिए 20-20 हजार वर्गमीटर क्षेत्रफल वाले भूखंड आवंटित किए गए। इससे 1757.45 करोड़ का निवेश व 775 लोगों को रोजगार सृजन प्रस्तावित है।

यीडा ने हाल में डाटा सेंटर के लिए औद्योगिक भूखण्डों की योजना शुरू की थी। इसमें आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 अक्तूबर थी। योजना में 125660 वर्गमीटर का एक भूखंड, 40,000 वर्गमीटर का एक भूखंड व 20000 वर्गमीटर के 3 भूखंड खाली थे। कुल पांच भूखंड प्रस्तावित थे जिनके सापेक्ष कुल 3 आवेदन प्राप्त हुए। आवंटन समिति ने परियोजना प्रस्तुतीकरण के आधार पर भूखंड आवंटित किया।